**कार्यालय प्रमुख अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**मध्य प्रदेश, भोपाल**

क्रमांक 703 /पी.ए./प्र.अ./10 भोपाल, दिनांक 27.8.10

**प्रति,**

**मुख्य अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**परिक्षेत्र – भोपाल/इंदौर/ग्वालियर/जबलपुर**

**समस्त अधीक्षण यंत्री (मंडल)**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**मध्य प्रदेश**

**समस्त कार्यपालन यंत्री,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**मध्य प्रदेश**

**विषयः–** दूषित पेयजल के सेवन से ग्रामीण क्षेत्रों में उल्टी दस्त फैलने के समाचारों के संबंध में

**संदर्भ :–** इस कार्यालय के परिपत्र/निर्देश क्र.4768/ दि. 19.5.08, क्र. 5483/9.6.08, क्र. 4487/25.5.09, क्र. 5707/दि. 1.7.09, शासन का पत्र क्र. एफ.8–20/08/2/34/ भोपाल दिनांक 30.5.09, क्र. 6403/दि. 29.6.10

:::

विगत कुछ दिनों में, कुछ जिलों में दूषित पेयजल के कारण उल्टी दस्त की शिकायतों से संबंधित समाचार प्रकाशित हुये हैं । वर्षा काल में पेयजल से संबंधित निर्देश इस कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी किये जा चुके हैं जिनका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें ।

यदि इस प्रकार के कोई भी समाचार किसी भी समाचारपत्र में अथवा इलैक्ट्रानिक मीडिया में आते हैं तो संबंधित अधिकारियों का दायित्व है कि वे तत्काल उनकी वस्तुस्थिति की पूर्ण जानकारी विभाग को भेजें एवं जो भी कार्यवाही आवश्यक हो उसे तत्काल करें ।

यह आवश्यक है कि हम शतप्रतिशत पेयजल स्त्रोतों का डिसइन्फैक्शन सुनिश्चित करें तथा इनके पंचनामे भी तैयार करवाए जाएं । हैण्डपंपों के पास गन्दा पानी एकत्रित न हो तथा प्रदूषण न हो इसे भी सुनिश्चित करें एवं अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को भी इस संबंध में निर्देश जारी करें। इस प्रकार के प्रदूषण की स्थिति सामने आने पर सभी संबंधित ग्राम पंचायतों से सम्पर्क कर उसका तत्काल निराकरण कराएं एवं जिला प्रशासन का सहयोग भी प्राप्त करें । की गई कार्यवाही की जानकारी भेजें ।

27/8

**(सुधीर सक्सेना)**
**प्रमुख अभियंता**

पृ.क्र. 704 /पी.ए./प्र.अ./10 भोपाल, दिनांक 27.8.10

प्रतिलिपिः–

प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मंत्रालय, भोपाल की ओर शासन की टीप क्र. 3184/सचिव/दिनांक 13.8.10 के संदर्भ में सूचनार्थ अग्रेषित ।

to SE (Moni)

27/8

**प्रमुख अभियंता**